**बहुजन ज्ञान विमर्श/संवाद**
**रपट**
**शनिवार की बैठक 11 अक्टूबर 2025**
विद्या आश्रम

**उपस्थित सदस्य :** लक्ष्मण प्रसाद, रामजनम, फ़ज़लुर्रहमान, कमलेश, राजेंद्र प्रसाद मानव, चित्रा, सुनील

**विषय :** मार्च 2026 तक की कार्य योजना

बहुजन स्वराज पंचायत 7,8,9 अक्टूबर, 2025 को विद्या आश्रम परिसर पर हुई और उसके बाद यह बहुजन ज्ञान विमर्श/संवाद की पहली बैठक थी. इस बैठक में बहुजन स्वराज पंचायत पर चर्चा हुई और सभी सत्र-संचालकों से अपने-अपने सत्र की एक छोटी रपट, अध्यक्ष मंडल और वक्ताओं की सूची के साथ रविवार 12 अक्टूबर की शाम तक इस समूह पर भेज देने का तय हुआ.

इसके अलावा बैठक में विद्या आश्रम से निम्नलिखित कार्यक्रम चलाने पर सहमति बनी.

1. **वाराणसी ज्ञान पंचायत :** इसके तहत तीन कार्य किये जायेंगे जिसकी प्रमुख ज़िम्मेदारी संयुक्त रूप से लक्ष्मण प्रसाद, रामजनम, फ़ज़लुर्रहमान, हरिश्चंद्र, चित्राजी की होगी.

| कार्य | प्रमुख ज़िम्मेदारी | अवधि/दिन/समय |
|---|---|---|
| सुर साधना का प्रकाशन | चित्रा, प्रेमलता, रामजनम | हर महीने में एक अंक |
| वार्ड ज्ञान पंचायत | लक्ष्मण प्रसाद, फ़ज़लुर्रहमान | हर महीने का आखरी रविवार को |
| लोकनीति संवाद | रामजनम, कमलेश | महीने में एक |

| | | |
|---|---|---|
| 2. **लोकविद्या सत्संग** | लक्ष्मण प्रसाद, कमलेश | हर महीने का आखरी रविवार |
| 3. **बहुजन स्वराज पंचायत** | बहुजन ज्ञान विमर्श/संवाद समूह | **(अ)** 2 नवम्बर, 2025 को रिंग रोड के किसानों के साथ पहल राजेंद्र प्रसाद और कमलेश की<br>**(ब)** नवंबर में भोगांव ग्राम सभा, मिर्ज़ापुर पहल हरिश्चंद्र की |
| 4. **बहुजन स्वराज पंचायत, (ऑनलाइन)** | रामजनम, लक्ष्मण प्रसाद, हरिश्चंद्र | हर महीने की 15 को 15 नवम्बर का विषय : बहुजन-समाज को क़र्ज़ की वैश्विक ज़ंजीर में बांधने का जाल |
| 5. **सोशल मीडिया, वीडियो, फोटो** | हरिश्चंद्र/फ़ज़लुर्रहमान/लक्ष्मण | सभी कार्यक्रमों की |

**सभी कार्यों की प्रगति पर चर्चा व निर्णय विद्या आश्रम पर शनिवार की बैठकों में होगा.**

चित्रा सहस्रबुद्धे
समन्वयक, विद्या आश्रम